Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005
Participants : Pateriya Smt. Neeta,Thakkar Smt. Jayaben B.

>

Title: Need to ban use of mobile phones by students in all schools.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : माननीय अध्यक्ष जी, आज देश में दूर संचार के क्षेत्र में जो क्रांति आई है, उससे मोबाइल फोन का उपयोग बढ़ा है और जनता ने आम तौर पर इसको स्वीकार किया है। जितना अधिक इसका उपयोग हो रहा है, उतना ही अधिक इसका दुरुपयोग भी हो रहा है। इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। इस समय सर्वाधिक मोबाइल फोन का उपयोग छात्र एवं छात्राएं कर रहे हैं जिसके कारण उनको अध्ययन करने में बाधा पड़ रही है और उनके परीक्षा परिणामों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। देश में जो शासकीय तथा निजी स्कूल हैं, वहां पर छात्रों द्वारा मोबाइल फोन लाने पर रोक लगानी चाहिए क्योंकि विगत दिनों में मोबाइल का जिस तरह से दुरुपयोग हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। वर्तमान में अश्लील चित्र एवं एस.एम.एस. कांड जैसी घटनाएं स्कूलों और कालेजों में हो रही हैं जो गंभीर चिन्ता का विाय है। जब अश्लील चित्र और एसएमएस कांड जैसी घटनाएँ घटती हैं तो इसमें सबसे अधिक आहत छात्राएं और महिलाएं होती हैं। उऩकी भावनाओं को ठेस पहुंचती है, पीड़ा पहुंचती है और किसी न किसी रूप में वे अपने को अपमानित महसूस करती हैं। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि इस पर पाबंदी लगाई जाए।

SHRIMATI JAYABEN B. THAKKAR (VADODARA): Sir, I also associate with it.